**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 17 जून 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार:**

1. भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर नीट पुनर्परीक्षा से पहले छात्रों में तनाव पैदा करने और उनकी एकाग्रता भंग करने का आरोप लगाया।

2. केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो करोड़ 60 लाख हेक्टेयर भूमि को 2030 तक उपजाऊ बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा।

3. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भिवानी के गुजरानी में 31 करोड़ रुपये की लागत से चौ. बंसीलाल सिविल ऐरोड्रोम पर बने हैंगर, एयर ट्रैफिक कंट्रोल भवन, सुरक्षा चौकी व कैंटीन का उद्घाटन किया।

4. मुख्यमंत्री ने बादली के गाँव रईया में अत्याधुनिक बागवानी अनुसंधान केंद्र तथा मुनीमपुर बादली में बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ किया।

5. हिसार में किसानों एवं पशुपालकों के लिए "किसान यात्रा एवं पशुधन संवर्धन सम्मेलन" में किसानों को अच्छी नस्ल के पशु पालने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने आज लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर नीट पुनर्परीक्षा से पहले छात्रों के मन में तनाव पैदा करने और उनकी एकाग्रता भंग करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सरकार इस परीक्षा को पूरी संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने जा रही है।

**मात्र तीन दिन के बाद नीट की परीक्षा दोबारा संपन्न होने जा रही है। इस विषय को लेकर जहां एक तरफ सारे छात्र पूर्ण मनोयोग से परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। जहां एक तरफ सरकार संवेदनशीलता से काम करती हुई दिखाई पड़ रही हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी ऐसा प्रतीत हो रहा है कि संवदेनशीलता के स्थान पर कुटिलता का प्रयोग करते हुए दिखाई पड़ रहा है।**

******************************************************************

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि बंजर भूमि को दोबारा उपजाऊ बनाने की सरकार की कोशिशें न सिर्फ़ प्रकृति की सेवा हैं, बल्कि मानवता के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प भी हैं। नई दिल्ली में मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने के लिए वैश्विक दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो करोड़ 60 लाख हेक्टेयर भूमि को उपजाऊ बनाने का लक्ष्य रखा है।

**हम पूरी तरीके से अपने मंत्रालय की प्रतिबद्धता मान्य प्रधानमंत्री जी ने जो कॉप 2014 की दिल्ली डिक्लेयरेशन के समय में करी थी। कि हम 26 मिलियन हेक्टेयर को 2030 तक एक तरह से रेस्टोरेशन का काम करेंगे। भारत सरकार अपने ग्रीन इंडिया मिशन में लगभग 1.7 लाख हेक्टेयर जमीन का कार्य हमने किया है और कैम्पा के समर्थन से भी पिछले पांच वर्षों में 3.2 लाख हेक्टेयर का हम लोगों ने फोरेस्टेशन करने का काम किया है।**

************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भिवानी के गुजरानी में 31 करोड़ रुपये की लागत से चौ. बंसीलाल सिविल ऐरोड्रम पर बने हैंगर, एयर ट्रैफिक कंट्रोल भवन, सुरक्षा चौकी व कैंटीन का  उद्घाटन किया।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा हवाई संपर्क के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि हवाई पट्टी पर बने इस हैंगर व एयर ट्रैफिक कंट्रोल भवन से जहाजों का सुरक्षित संचालन किया जा सकेगा और जहाजों के रख-रखाव का कार्य भी आसान होगा।

उद्घाटन के उपरांत मुख्यमंत्री ने बताया कि भिवानी के चौ. बंसीलाल एरोड्रम पर 120 पॉयलट  ने प्रशिक्षण पूरा किया है।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिसार हवाई अड्डे से चंडीगढ़, जयपुर व अयोध्या के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू की थी। अब जम्मू, अहमदाबाद तथा दिल्ली के लिए विमान सेवा शुरू की जाएगी।
उन्होंने कहा कि हिसार हवाई अड्डे के विकास के लिए यात्री टर्मिनल व कार्गो टर्मिनल का कार्य तेजी से किया जा रहा है, उसे 2027 तक पूरा कर इसे एक विकसित हवाई अड्डे का रूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि विमानन क्षेत्र में अब विदेशों पर निर्भरता कम करने के लिए हिसार को मेंटेनेंस, रिपेयर एवं ओवरहॉल हब के रूप में विकसित किया जाएगा। जिससे इस क्षेत्र में रोजगार में वृद्धि होगी। वही इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भारत में बनकर तैयार होने वाले शत्रुजीत हेलीकॉप्टर की सीट पर बैठकर उसका निरीक्षण भी किया।

************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज झज्जर के बादली हल्के के गाँव रईया में 13 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से स्थापित अत्याधुनिक बागवानी अनुसंधान केंद्र तथा मुनीमपुर बादली में साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत अनुसंधान और गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी तथा प्रदेश में बागवानी क्षेत्र को नई गति प्रदान करेंगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 53 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से तैयार सात अन्य विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन भए किया। इनमें झज्जर लघु सचिवालय एवं आवासीय परिसर, विभिन्न गांवों के राजकीय विद्यालयों के नए भवन तथा सौंधी और निमाना गांवों के लिए जलघर परियोजना शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से शिक्षा, पेयजल, प्रशासनिक सेवाओं और जन सुविधाओं को मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि इजरायल के राजदूत रूवेन अजार एवं उनकी धर्मपत्नी रेचल अजार ने भी शिरकत की।

मुख्यमंत्री ने बादली विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाए भी की जिनमें बादली गांव में 50 बेड के आधुनिक अस्पताल और गांव बुपनिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, सिंचाई एवं ग्रामीण विकास को नई गति देने का संकल्प भी दोहराया।

**************************************************************

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा आज हिसार में किसानों एवं पशुपालकों के लिए "किसान यात्रा एवं पशुधन संवर्धन सम्मेलन" का आयोजन किया गया। सम्मेलन में  मुख्य अतिथि, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने पशुपालकों को सम्मानित किया।
इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम पशुओं की नस्ल सुधार को लेकर किसानी का ज्ञानवर्धन करने वाला है। क्योंकि पशुपालन का काम किसान से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि गाय व भैंस की उन्नत नस्लों के बारे में जानकारी हासिल कर पशुपालक अपनी आय बढ़ा सकते हैं।सरकार युवा पीढ़ी को भी पशु पालन से जुडने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

कुलपति प्रो.विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय का मक़सद पशुपालकों को वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन का कार्य सिखाना है ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके।

***********************************************************